## ब्रीफ खबरें

### दो गिट्टी लदे ट्रैक्टर जब्त, मचा हड़कंप

**साहिबगंज।** एसडीपीओ की टीम ने देर रात छापेमारी कर दो गिट्टी लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया है. यह छापेमारी बरहरवा अंचल क्षेत्र के विजयपुर गांव के पास की गई. जिसके बाद कोटालपोखर थाना क्षेत्र में हड़कंप मच गया. बताया गया कि यहां अवैध खनिज परिवहन की सूचना मिली थी.जानकारी के अनुसार ओवरलोड वाहनों को झारखंड से विजयपुर रेलवे पुल संख्या 256 होते हुए पश्चिम बंगाल पार कराया जा रहा था.

### डूबे शख्स का 48 घंटे बाद भी पता नहीं चला

**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना इलाके के कोदईबांक डैम में डूबे शख्स का 48 घंटे बाद भी पता नहीं चल पाया है. शुक्रवार की दोपहर से शाम तक एनडीआरएफ की टीम ने डैम में काफ़ी खोजबीन किया, लेकिन डूबे व्यक्ति का कुछ भी पता नहीं चल पाया है. बुधवार की शाम शोभन टुडू मछली पकड़ने के लिए जाल लगाने डैम में उतरा था. तिसरी पुलिस ने स्थानीय तैराकों की मदद से डैम में शोभन की काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला.जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की दोपहर देवघर से इंस्पेक्टर भूपेश झा के नेतृत्व में एनडीआरएफ की 14 सदस्यीय टीम कोदईबांक डैम पहुंची थी.

### काशीराम का जयंती समारोह का आयोजन

**धनवार (गिरिडीह)।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक काशीराम का 90 वां जयंती समारोह का आयोजन गांधी चौक राजधनवार में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा के द्वारा किया गया. जिला अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि बसपा का गठन करिश्माई लोकप्रिय नेता काशीराम के द्वारा 14 अप्रैल 1984 में किया गया था. बसपा के गठन का मुख्य कारण क्रांतिकारी सामाजिक, आर्थिक आंदोलन के रूप में काम करना था. भारत का संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न बनना बसपा की सोच थी.

### चास में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया

**बोकारो।** चास के अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया एवं चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता के संयुक्त आदेश पर शुक्रवार को अतिक्रमणमुक्त अभियान चलाया गया. टीम द्वारा अभियान चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जोधाडीह मोड़ से लेकर महावीर चौक के बाएं ओर चलाया गया. इस अभियान के दौरान दोषी व्यापारिक संस्थानों से कुल नौ हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया एवं सड़क, नाले आदि को अतिक्रमणमुक्त करने की सख्त हिदायत दी गई.

### कार ने टोटो को मारी टक्कर, नौ घायल

**साहिबगंड।** बरहेट थाना क्षेत्र के पंचकठिया रांगा के समीप शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने टोटो को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में टोटो पर सवार 9 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की स्थिति गंभीर है. सूचना मिलते ही बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों का एंबुलेंस से बरहेट सीएचसी भेजवाया. वहां डॉ. तापस मुर्मू ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया. गंभीर रूप से घायल मंजू देवी, चंदमुनि देवी व शोभा बेवा को बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज रेफर कर दिया.

---

अवैध बालू खनन के कारण खतरे में है नदियों का अस्तित्व

# सिकुड़ती जा रहीं नदियां,नाले में हो रही तब्दील

**संवाददाता। गिरिडीह**



बिरनी प्रखंड में बालू माफिया के द्वारा बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी की जा रही है. बालू घाट राजमणिया, चनो घाट से प्रतिदिन एक सौ से अधिक ट्रैक्टर बालू का उठाव किया जा रहा है. फिर एक साथ डंप कर दूसरे राज्य में अधिक दाम पर माफिया के द्वारा बेचे जा रहे हैं. लेकिन यहां के अंचलाधिकारी या यूं कहे तो प्रशासन इस पर चुप्पी साधे हुए हैं . जिससे तस्कर बेखौफ होकर बालू की बड़े पैमाने पर तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं. बालू उठाव के कारण नदियों का जलस्तर नीचे जा चुका है. इससे आसपास के गांव का जलस्तर भी नीचे गिरता जा रहा है. अगर इसी तरह बालू की ढुलाई जारी रही तो यहां के ग्रामीणों को एक एक बूंद पानी के लिए भटकना पड़ सकता है. सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है. वहीं अवैध ढुलाई तथा उसे अन्य राज्यों में भेजने से स्थानीय ग्रामीणों को बालू खरीदने में भी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है. बालू को अधिक कीमतों में झारखंड से बाहर भेजने से आसपास के ग्रामीणों को भी अधिक राशि में बालू खरीदने के लिए विवश होना पड़ता है.

**खास बातें**

- प्रतिदिन हो रहा सौ से अधिक बालू का उठाव
- गिरता जा रहा है आसपास के गांवों का जलस्तर

**देर रात को होती है बालू की ढुलाई**

प्रखंड क्षेत्र की नदियों से बालू का अवैध कारोबार करने वाले लोग देर रात से ढुलाई करना प्रारंभ कर देते हैं. इसी कारण जहां तहां से बालू का उठाव कर लेते हैं . बालू का उठाव पुल के आसपास से होने के कारण पुल का पिलर भी खतरे में है. जबकि बालू खनन करने से धीरे-धीरे नदियों से बालू हटा जा रहा है और नदिया मैदान का आकार लेती जा रही है.

---

# विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन



**संवाददाता। पाकुड़**

विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), पाकुड़ ने शुक्रवार को हिरणपुर प्रखंड सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया. शिविर में प्रभारी बीपीआरओ रामकुमार साह ने कहा कि उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है. कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार में होने वाली जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावटी सामग्री की बिक्री, अधिक दाम वसूलना, ठगी, नाप-तौप में गड़बड़ी आदि के बारे में लोगों को जागरूक करना है. पीएलवी मोकमाउल शेख ने बाजार में उपभोक्ताओं से हो रही ठगी के बारे में विस्तार से बताया.

---

सांसद,विधायक ने कहा- गांव, टोला में अब जर्जर रोड नहीं रहेगा

# नौ सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया

**खास बातें**

- कसमार प्रखंड में 14 करोड़ की लागत से होगा काम
- कई योजनाओं का काम पहले ही शुरू हो चुका है

**संवाददाता। बोकारो**

कसमार प्रखंड में 14 करोड़ की लागत से 9 सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, स्थानीय विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने किया गया. ये सड़क कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी, सिंहपुर, दुर्गापुर, मंजूरा, सोनपुरा एवं बगदा पंचायत क्षेत्र में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बोकारो के द्वारा बनाए जाएंगे.

**इन पथों का सुदृढ़ीकरण होगा :** इसमें आरईओ रोड से सोनहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, आरईओ रोड मंजुरा से मखतब टोला, अंसारी टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, मरहुलसुदी पंचायत के चौड़ा ग्राम आरईओ रोड देशवल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, जुमरा से रोरीया बाया पाड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, मुरहुल नीचे टोला से पाड़ी नीचे टोला बाया सहदेव महतो के घर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, सिंहपुर से लोदकियारी बाया छोटी डुमरकुदर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, राजा गोड़ा आरईओ रोड से खिजरा बाया पुरनाडीह काशीटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, दुर्गापुर पंचायत के आरईओ रोड से रामेश्वर महतो के घर बाया चेड़रिया टुंगरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, बगदा पंचायत में शालीग्राम महतो के घर से लोधाकियारी जुगल महतो के घर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया.



**दो दर्जन सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हो चुका है**

इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने बताया कि क्षेत्र के किसी भी गांव या टोला में कोई भी जर्जर पथ अब नहीं रहेगा, क्योंकि पिछले दो महीने में सिर्फ कसमार प्रखंड में दो दर्जन सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हो चुका है. उन योजनाओं में कार्य भी प्रारंभ हो चुका है. मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, महेंद्र महतो, गर्री मुखिया गीता देवी, पंसस प्रतिनिधि राजेश कपरदार, धनलाल कपरदार, विक्की सरदार, राजेश मिश्रा, मिथिलेश झा, जितेंद्र प्रजापति, मंटू यादव, महेश सिंह, अरविंद सिंह, सोहन सिंह, अशोक मुर्मू, वीरेंद्र यादव, नंदू मरांडी, शकुर अंसारी, सोहेल रिजवी, सरफराज अहमद, सुरेंद्र गंझू, रविन्द्र गंझू, जागरण करमाली, गोलू मिश्रा, अबुल कलाम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

**15 वें वित्त मद से तीन योजनाओं का शिलान्यास**

**बोकारो।** बोकारो जिला परिषद के 15वें वित्त मद के आबद्ध अनुदान योजना से शुक्रवार को कसमार एवं गर्री में तीन योजनाओं का शिलान्यास स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने किया. इसमें कसमार टोला के शिवराम बांध में पीसीसी पथ निर्माण व वटवृक्ष के नीचे चबूतरा निर्माण कार्य एवं गर्री दरगाह के सामने शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया. मौके पर गर्री पंचायत की मुखिया गीता देवी, पंसस प्रतिनिधि राजेश कपरदार, धनलाल कपरदार, राजू महतो, शकुर अंसारी, सोहेल रिजवी, सरफराज अहमद, सुरेंद्र गंझू, रविन्द्र गंझू, जागरण करमाली, गोलू मिश्रा समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

---

# पहले जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़



**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

रमजानुल मुबारक का पहला जुमा बड़े ही अदब व एहतराम के साथ अदा की गई. जुमा के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के तमाम मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी. प्रखंड क्षेत्र के फुरसोडीह, घुठिया, कजरो, फिटकोरिया, मुंढेरि, झलकडीहा, धावाटांड़, छोटकी खरगडीहा, देवाटांड़, कर्णपुरा समेत अन्य स्थानों के मस्जिदों में भारी जमात के साथ रमजानुल मुबारक के पहले जुमा की नमाज अदा की गई. बड़े, बुजुर्ग, बच्चों सभी ने एक साथ मिलकर जुमे की नमाज पढ़ी और मुल्क में अमन शांति की दुआएं मांगी. बताया गया कि रमजान के पवित्र महीने में जुमे का खास महत्व है. जुमे को लेकर मुस्लिम समाज में काफी उत्साह का माहौल रहता है.

### रमजान के पहले जुमे की नमाज में उमड़ी भीड़

**गावां (गिरिडीह)।** पवित्र रमजान-उल-मुबारक के प्रथम जुमे की नमाज अदा कर अकीदतमंदों ने अमन-चैन की विशेष दुआ मांगी . शुक्रवार को पवित्र रमजान-उल-मुबारक के प्रथम जुमे के अवसर पर सुबह से ही मस्जिदों में तैयारियां शुरू हो गई थी . प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख मस्जिदों के साथ जुमे की नमाज अदा की गई . छोटे-छोटे मासूम बच्चे भी जुमे का रोजा रखकर मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए पहुंचे . नमाज अदा करने के पश्चात अकीदतमंदों ने अमन-चैन व गर्मी से राहत की विशेष दुआएं मांगी . इससे पूर्व मस्जिदों में खतीबों ने रमजान और रोजे के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा बुरे कामों से बचने का आहवान किया गया .

---

# डीसी ने आचार संहिता पर कर्मियों को दी जानकारी

**संवाददाता। गोड्डा**



लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता पर चुनाव अवधि में किये जाने वाले कार्यों से संबंधित जानकारी देने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. पुराना समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त कमर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावों की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी तथा सभी होर्डिंग्स, पोस्टर और बैनर तत्काल प्रभाव से हटाए जाना अत्यंत जरूरी है. आचार संहिता लागू होते ही सभी सरकारी भवनों और परिसरों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, झंडे और राजनीतिक नेताओं के फोटोयुक्त कैलेंडर एवं अन्य प्रचार सामग्री को चौबीस घंटे के अंदर विभिन्न सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड सार्वजनिक दीवारों आदि से 48 घंटे के भीतर और विभिन्न निजी परिसरों से 72 घंटे में हटानी होंगी. इसके अलावा सरकारी वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म से भी राजनीतिक नेताओं के फोटो तुरंत हटा दिए जाएंगे. उन्होंने उपस्थित संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी से अपने-अपने विभागों, परिसरों और कार्यक्षेत्रों में लगी सामग्री की सूची अ तैयार कर लेने का निर्देश दिया ताकि चुनाव की घोषणा होते ही इन्हें तुरंत हटाया जा सके.

---

# घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध



**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

गावां प्रखंड स्थित पिहरा ढाब पथ में घटिया निर्माण का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पथ निर्माण कार्य को रोक दिया. ढाब से लेकर बाया पिहरा खेरड़ा मोड़ से सतगावां प्रखंड के कलीडीह तक पथ का जीर्णोद्धार किया जा रहा है. ग्रामीणों का आरोप है किउक्त पथ के निर्माण में भारी गड़बड़ी बरती जा रही हैं. पथ निर्माण में संवेदक द्वारा प्राक्कलन की धज्जियां उड़ाई जा रही है. पीडब्लूडी के तहत बन रहे इस पथ में अत्यंत घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है. पथ पर मात्र एक से डेढ़ इंच ही पीचिंग की जा रही है. जिससे पथ की गुणवत्ता पर प्रश्न चिह्न खड़ा हो रहा है. पीचिंग का कार्य पथ के डस्ट के ऊपर किये जाने से पैर के झटके से पीचिंग उखड़ रही है. प्रारंभ में जो गिट्टी डस्ट आदि डाले गए हैं, वह भी काफी नीचा ऊंचा है. जिसमें बरसात आते ही जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो सकती है. जिससे पथ उखड़ सकता है. इस दौरान ग्रामीणों ने दो घंटे तक पथ निर्माण कार्य को रोक दिया. बाद में पथ निर्माण करवा रहे मुंशी व कर्मी स्थल पर पहुंचे और कहा कि वे प्राक्कलन के अनुसार ही कार्य करेंगे. फिर दोबारा कार्य प्रारंभ किया गया. उसके बाद विरोध कर रहे ग्रामीण शांत हुए.मौके पर इंद्रदेव यादव, विजय सिंह, संदीप कुमार, आनन्दी यादव, पप्पू यादव मौजूद थे.

---

उपायुक्त ने परीक्षा के सफल संचालन को लेकर की बैठक, कहा

# कदाचार मुक्त परीक्षा सबकी जिम्मेदारी

**संवाददाता। पाकुड़**

उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन को लेकर बैठक की गई.बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है. इसके बेहतर संचालन एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए आप सबों को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम करने की आवश्यकता है.

उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है. झारखंड लोकसेवा आयोग द्वारा परीक्षा संचालन को लेकर जारी मार्ग-निर्देशिका का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे. उपायुक्त ने सभी पर्यवेक्षक सह दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि वे परीक्षा तिथि को निर्धारित समय से न्यूनतम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराने के लिए सभी तरह के कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे.

उन्होंने कहा कि सेंटर सुपरिटेंडेंट यह सुनिश्चित करें कि उनकी ओर से कोई चूक ना हो.उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा संचालन में लगे कोई भी गलत आचरण करते पाया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी.



**16 केन्द्र बनाए गये हैं**

17 मार्च को आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर शहर में 16 केन्द्र बनाए गये हैं. जिसमें कुल 5592 अभ्यर्थी शामिल होंगे. परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी पहली पाली में 10 से 12 वहीं दूसरी पाली में 2 से 4 बजे तक परीक्षा का आयोजन होगा. परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सकें. इसके लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गयी है. इस बैठक में परियोजना निदेशक श्री अरुण कुमार एक्का, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री अजय सिंह बड़ाईक, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री नयन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री राहुल कुमार, सेंटर सुपरिटेंडेंट, स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम के सदस्य एवं एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे.

---

# तैयारियों की समीक्षा, लंबित कार्यों को शीघ्र करने का निर्णय

**संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)**

डुमरी झारखंड कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में शुक्रवार को प्राचार्य प्रो प्रमोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक हुई. बैठक में मुख्य रूप से नैक मूल्यांकन की तैयारी की समीक्षा की गई . साथ ही जो कार्य लंबित हैं उसे इसी माह पूर्ण कर लिये जाने का निर्णय लिया गया. प्राचार्य ने बताया कि अगले महीने कॉलेज में एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करवाया जा रहा है. जिसमें देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थान के फैकल्टी आयेंगे. जिसमें स्थानीय समाजसेवी, शिक्षाविद की भी सहभागिता होगी. ज्ञातव्य हो कि कॉलेज को नैक द्वारा प्रथम चक्र के मूल्यांकन में बी प्लस ग्रेड प्रदान किया गया था. जिसे इस बार द्वितीय चक्र में पुनः दोहराने का लक्ष्य रखा गया है. साथ ही कॉलेज के छात्र संगठन का निबंधन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा रिसर्च फंड के लिए प्रोजेक्ट बनाकर फंड उगाही के लिए सीएसआईआर से संपर्क करने की जिम्मेवारी सेल कोर्डिनेटर डॉ. अमिता मिश्रा को दी गई .

**प्रयास को संतोषजनक बताया :** नैक कोर्डिनेटर डॉ. सुजीत माथुर ने नैक की तैयारी करने के लिए किये जा रहे प्रयास को संतोषजनक बताया और समर्पन भाव से किये जा रहे कार्य की सराहना की.



---

**रामचरित मानस** बड़ी संख्या में महिलाएं कलश लेकर पहुंची, हर हर महादेव की गूंज

# महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश जल यात्रा

**संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)**

गांडेय प्रखंड के रसनजोरी पंचायत के पांचनटांड में शुक्रवार को श्री श्री 108 राम चरितमानस नवाह परायण महायज्ञ को लेकर कलश जल यात्रा निकली गयी. इस दौरान 301 महिलाओं और कुंवारी कन्याएं माथे में कलश लेकर गाजे बाजे के साथ यज्ञ मंडप से निकलकर झिझरी पहरी पहुंचे. यहां शिव पार्वती मंदिर में परिक्रमा करने के बाद सभी कुंवारी कन्याएं चिक्सोरिया नदी पहुंची. वृंदावन धाम के चित्रकुट से आये लवधेश द्विवेदी, प्रवचनकर्ता अनुप कृष्ण शास्त्री और महाराज आचार्य के वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया. फिर सभी यज्ञ मंडप पहुंची और कलश को स्थापित किया. इस दौरान जय बजरंगबली बली, हर हर महादेव, जय श्री राम, जय मां दुर्गे के श्लोक से पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया. श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में शरबत पानी, फल की व्यवस्था की गई थी.





**खास बातें**

- वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया
- जलकारे से भक्ति मय हो गया पूरा क्षेत्र

**23 मार्च की रात भक्ति जागरण का कार्यक्रम**

कलश जल यात्रा में यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजू कुमार मंडल, भाजपा नेता यदुनंदन पाठक, आजसू नेता अर्जुन बैठा, मुखिया प्रतिनिधि भागीरथ मंडल, अरुण हाजरा, सांसद प्रतिनिधि जय प्रकाश मंडल, रघुनाथ यादव, प्रवीण चौधरी, यज्ञ समिति के सदस्य सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे. बता दें कि 23 मार्च को रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा.

---

शिक्षा विभाग कार्यक्रमों की प्रगति की उपायुक्त ने की समीक्षा

# उपस्थिति बढ़ाने का दिया निर्देश

**संवाददाता। पाकुड़**

उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की. समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने ई- विद्या वाहिनी में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, एमडीएम, यू डायस, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिए.

उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा 95 न्यूनतम छात्र-छात्राएं उपस्थिति वाले विद्यालय की विस्तृत समीक्षा की गई. इन विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने के संबंध में निर्देश दिया गया कि इसके लिए अभिभावक- शिक्षक बैठक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से आयोजन करें. उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि इन विद्यालय में जो छात्र-छात्राएं नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे है, उनको चिह्नित कर उनके अभिभावक से संपर्क करने की बात कही गई.



**यू- डायस प्लस 2023-24 की समीक्षा :** यू- डायस कार्य में वर्तमान में जिले की रैंकिंग राज्य में 4 है. डीसी ने निर्देश दिया कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देश के आलोक में त्रुटिरहित यू-डायस का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूर्ण करें.

